1059. महामारु मंदिर निर्माण वास्तुशैली के संरक्षक थे?

(a) गुहिल (b) चौहान

(c) प्रतिहार (d) परमार

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (c) – महामारु मंदिर निर्माण वास्तुशैली के संरक्षक प्रतिहार शासक थे। आभानेरी में प्रतिहारों द्वारा महामारु शैली में मंदिरों का निर्माण कराया गया था। आभानेरी, राजस्थान के दौसा जिले में बांदी कुंई के निकट स्थित एक प्राचीन नगर है।

1060.सास-बहू का मन्दिर स्थित है–

(a) अरथूना में **(b)** नागदा में

(c) सोमनाथ में **(d)** आहड़ में

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1944-95

व्याख्या—राजस्थान में सास-बहू का मन्दिर उदयपुर जनपद के नागदा नामक स्थान पर स्थित है।

1061. बाड़ौली के मन्दिर किस मन्दिर शैली से सम्बन्धित है?

(1) नागर (2) द्रविड़

(3) बेसर (4) पंचायतन

उत्तर–(3)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या—कोटा से 40 किमी. दूर स्थित बड़ौली में मंदिरों का छोटा समूह है। इसमें से कुछ मंदिर वास्तु की दृष्टि से अद्वितीय है। इन मंदिरों में मंदिर निर्माण की बेसर शैली का प्रभाव झलकता है।

1062.राजस्थान में मेवानगर प्रसिद्ध है –

(a) पार्श्वनाथ जैन मन्दिर के लिए

(b) सूखे मेवों के निर्यात के लिए

(c) जीरे के उत्पादन के लिए

(d) कठपूतली मदों के निर्यात के लिए

उत्तर : (a)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – राजस्थान में मेवानगर, पार्श्वनाथ जैन मन्दिर के लिए प्रसिद्ध है। मुख्य मंदिर की भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा चूँकि सिन्दरी के पास नाकोडा ग्राम से आई थी, अतः यह तीर्थ नाकोडा पार्श्वनाथ के नाम से प्रसिद्ध है।

1063. सूची-A को सूची-B के साथ मिलाएं एवं निम्न दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें-

सूची-A		सूची-B
(i) खजुराहो (सामेश्वर मंदिर)		किराडु
(ii) हर्षद माता का मंदिर		आभानेरी
(iii) जूना पत्रसर मंदिर		बाड़मेर
(iv) पारा नगर मंदिर		अलवर
(v) शृंगार चंवारी मंदिर		चित्तौड़गढ़

	(A)	(B)	(C)	(D)	(E)
(a)	i	ii	iii	iv	v
(b)	v	iv	iii	ii	i
(c)	ii	iii	iv	v	i
(d)	iii	i	ii	iv	v

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (a) : सही सुमेलन हैः–

सूची-I	सूची-II
खजुराहो (सोमेश्वर मंदिर)	किराडु
हर्षद माता का मंदिर	आभानेरी
जूना पत्रसर मंदिर	बाड़मेर
पारा नगर मंदिर	अलवर
शृंगार चंवारी मंदिर	चित्तौड़गढ़

1064. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

	मन्दिर		स्थान
(a)	द्वारिकाधीश मन्दिर	–	कांकरोली
(b)	सुंधा माता मन्दिर	–	भीनमाल
(c)	आईमाता मन्दिर	–	बिलाड़ा
(d)	ज्वाला माता मन्दिर	–	तलवाड़ा

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (d) : ''ज्वाला माता मन्दिर'' राजस्थान के ''जोबनेर-जयपुर'' में स्थित है। यह जोबनेर की पहाड़ी पर स्थित है। सही सुमेल है–

मन्दिर		स्थान
(1) द्वारिकाधीश मन्दिर	–	कांकरोली
(2) सुंधा माता मन्दिर	–	भीनमाल (जालौर)
(3) आईमाता मन्दिर	–	बिलाड़ा
(4) ज्वाला माता मन्दिर	–	जोबनेर-जयपुर

1065. निम्न में से कौन-सा एक राजस्थान का मंदिर सही सुमेलित है?

(a) एकलिंगजी मंदिर -माउण्ट आबू

(b) सूर्य मंदिर -उदयपुर

(c) देलवाड़ा मंदिर-ओसियां

(d) करणी माता मंदिर-देशनोक

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (d) : सही सुमेलित हैं-

	मंदिर	-	स्थान
(i)	एकलिंग जी मंदिर	-	कैलाशपुरी (उदयपुर)
(ii)	सूर्य मंदिर	-	चित्तौड़गढ़ के किले में स्थित
(iv)	देलवाड़ा मंदिर	-	माउंट आबू
(v)	करणी माता मंदिर	-	देशनोक (बीकानेर)

राजस्थान में अन्य सूर्य मंदिर जयपुर एवं झालरापाटन, बाड़मेर में स्थित है।

1066. सूची-I (विरासत) का सूची -II (स्थान) के साथ मिलान करें और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनेः

सूची-I	सूची-II
(a) गजनेर महल	1. बाड़मेर
(b) किराडू मंदिर	2. उदयपुर
(c) जग मंदिर	3. बीकानेर

कूटः-

	a	b	c
(a)	2	1	3
(b)	3	1	2
(c)	3	2	1
(d)	1	2	3

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (b) – सही सुमेलन इस प्रकार है-

सूची-I		सूची-II
गजनेर महल	-	बीकानेर
किराडू मंदिर	-	बाडमेर
जग मंदिर	-	उदयपुर